Regarding damage caused due to water leakage and ash from NTPC Tanda Plant in Ambedkar Nagar district

श्री लालजी वर्मा (अम्बेडकर नगर) **:** माननीय सभापति जी, आपने मुझे अपनी बात रखने का अवसर दिया, इसके लिए आपका आभार ।

महोदय, मेरे क्षेत्र में एनटीपीसी टांडा है, जो विस्तारीकरण योजना के तहत नौ गांवों के किसानों की कृषि भूमि पर है । इसमें ग्राम सभा सलाहपुर, राजौर, हुसेनपुर और सुधाना के आवास शामिल हैं । अधिग्रहण के करीब 12 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी किसानों के सामने अनेक समस्याएं मुँह बाए खड़ी हैं । इसमें उनका मूल्यांकन करके भुगतान का मामला है, प्रदूषण का मामला है, जमीन के मुआवजे का मामला है । वहां के जो नौजवान बेरोजगार हुए हैं, उनको आउटसोर्सिंग में प्राथमिकता भी नहीं दी जा रही है । आउटसोर्सिंग से लगभग तीन हजार पद लिये जाते हैं, जिसमें प्रभावित किसानों के मात्र 101 लोगों को रखने का काम किया गया है । इसके कारण किसानों के सामने अनेक समस्याएं आई हैं । वहां लोग प्रदूषण से परेशान हैं । विशेष रूप से शरीफपुर-कलवरिया एक गांव है, उसके किनारे जो ऐश डैक है, उसके रिसाव से उन गांवों में प्रदूषण भी है, घरों में जल भरा हुआ है । उस गांव के करीब 9 लोग बीमारियों से मर चुके हैं । उस गांव के लोगों की लगातार मांग है कि हमारी जमीन को अधिगृहित किया जाए और हमें पुनर्स्थापित किया जाए ।

मान्यवर, उनको पुनर्स्थापित न करके, वहां के किसानों की जो जमीन ली गई है, मकान ली गई है, उनका पुनर्स्थापना न करके केवल नौ लाख रुपये मुआवजा दिया जा रहा है । इसके कारण किसानों को समस्या है ।

माननीय सभापति**:** आपका विषय आ गया है । अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए ।

श्री लालजी वर्मा **:** महोदय, मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहूंगा कि शरीफपुर-कलवरिया गांव का अधिग्रहण किया जाए । साथ ही साथ सीएसआर फंड के माध्यम से जो व्यक्तिगत लाभ दिया जा रहा है, जैसे स्कूटी बांटी जा रही है, उस पैसे को क्षेत्र के विकास में लगाया जाए । यह आपके माध्यम से मेरी मांग है । धन्यवाद ।

माननीय सभापति **:** श्री अनिल फिरोजिया ? उपस्थित नहीं । श्री राजकुमार रोत ।